53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.0 °c
अधिकतम 33.5 °c

**अमृतवाणी**

सत्य को सब प्राप्त करना चाहते है परंतु, जब सत्य सामने आता है बहुत ही कम लोग इसे अविचल होकर स्वीकार कर पाते हैं।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:05, सूर्यास्त - 6:19 | वर्ष : 53/अंक : 260 | शनिवार, 20 सितम्बर 2025 | अश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता है, राहुल गांधी वही प्रचार करते हैं : किरन रिजिजू



लाऊं कहाँ से अक़्ल मैं खुद बात कहने की... जो भी मुझे पढ़ाया गया बोलता हूँ मैं......

# शराब पीने से मना करना था डिप्टी मैनेजर का कसूर, टोलकर्मियों ने अपहरण के बाद उतारा मौत के घाट

**मुजफ्फरनगर/छपार, 19 सितंबर (बु.)।** छपार टोल पर देर रात हुई मारपीट के बाद अपहरण और हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या करने वाले कोई और नहीं बल्कि टोल पर काम करने वाले युवक ही निकले जिन्होंने डिप्टी मैनेजर को सिर्फ इस लिए मौत के घाट उतार दिया कि उसने शराब पीने से मना क्यों किया। थाना छपार क्षेत्र में नेशनल हाईवे 58 पर स्थित टोल पर शराब पीने से रोकने पर टोलकर्मियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर टोल मैनेजर व डिप्टी टोल

## ▶▶ मेरठ के जानी में फेंका शव, दो हत्यारोपी गिरफ्तार

मैनेजर के साथ मारपीट की। उसके बाद आरोपी डिप्टी टोल मैनेजर को अपनी गाड़ी में डालकर अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने शव को मेरठ जनपद के जानी थाना क्षेत्र में भोला झाल में फेंक दिया। पुलिस ने डिप्टी टोल मैनेजर के शव को शुक्रवार शाम झाड़ियों से बरामद कर लिया। पुलिस ने मुख्य दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

छपार टोल पर कुछ दिन पूर्व भौराकलां थाना क्षेत्र मोहम्मदपुर रायसिंह निवासी शुभम व शिव मलिक को टोल पर कर्मचारी के रूप में नौकरी मिली



थी। गुरुवार देर रात दोनों टोल पर बैठकर शराब पी रहे थे। टोल के डिप्टी मैनेजर अरविंद पांडेय निवासी फुलपुर, चंदौली व टोल मैनेजर मुकेश चौहान निवासी राजस्थान ने शराब पीने से दोनों को मना किया। वही दोनो सें पुलिस वैरफिकेशन के कागजात मांगे थे। दोनों टोलकर्मियों ने टोल मैनेजर व डिप्टी मैनेजर के साथ अभद्र व्यवहार किया। उसके बाद मामला शांत हो गया। रात्रि लगभग दो बजे दोनों टोल कर्मी अपने साथियों के साथ कार में सवार होकर टोल पर पहुंचे और टोल के गेस्ट हाऊस में सो रहे टोल मैनेजर मुकेश व डिप्टी मैनेजर अरविद पर हमला कर दिया। दोनों से मारपीट करने के बाद आरोपी डिप्टी टोल मैनेजर अरविंद को अपहरण कर अपने साथ ले गए। आरोपियों ने डिप्टी टोल मैनेजर की हत्या करने के पश्चात शव को मेरठ जनपद के थाना क्षेत्र जानी में भोला झाल के पास फेंक दिया। शुक्रवार को मेरठ पुलिस ने डिप्टी टोल मैनेजर के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि इस हत्याकांड के दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है।


> **"एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, मारपीट, अपहरण और हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीओ सदर और एसपी सिटी को पूरे मामले की जांच के आदेश दिए है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।"**



## शायद सरकार का राजस्व हो रहा खाली ?

# देय तिथि से पहले ही बिजली विभाग के आने लगे चार-चार फोन, ऐसा दिखाते हैं जैसे ले रखा हो इनसे लाखों का लोन

**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)।** मौजूदा सरकारें अब तक का सर्वाधिक राजस्व वसूल रही है, चाहे तो पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड उठवाकर के देख लें। कभी सड़कों पर चल रहे लोगों से चालान काटकर राजस्व वसूला जा रहा है, तो कभी घर खड़े ऐसे वाहनों से वसूली हो रही है, जो उस टोल पर गए ही नहीं, लेकिन आज बात करेंगे उस होनहार विद्युत विभाग की जिसने पूरी गर्मियों में सरकार की किरकिरी कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। यहां तक कि ऊर्जा मंत्री की मुरादाबाद मीटिंग में ही आधे घंटे तक बिजली भगाने का हौंसला जुटा लिया। सरकार का बताना है कि विद्युत विभाग का आधा काम प्राइवेट हाथों में दे दिया गया है। प्राइवेट हाथों में देने के बाद निरंकुश होकर यह विभाग जनता का तरह-तरह से उत्पीड़न करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। मध्यमवर्गीय लोगों के बिना ऐसी लगाए 1500 रुपए से अधिक के बिल आना आम बात हो चुकी है। उससे भी बड़ी बात यह है कि आम जनता को नीचा दिखाने के लिए उनके फोन पर देय तिथि से पहले दो से तीन कॉल बिल वसूलने के लिए की जा रही है। किसी के घर में मेहमान बैठा हो, परिवार के साथ कोई सुख हो या दुख हो, इनका तकादा इस तरह से आता है जैसे किसी ने लाखों रुपए का लोन इनसे ले रखा हो। ऐसे में यही एहसास हो रहा है कि सरकार के राजस्व भंडार खाली हो चुके हैं और हर जगह आम जनता का मानसिक शोषण कर तेजी से जनता से पैसे वसूलने की होड साफ दिख रही है। बड़ी बात यह है कि बिजली चोरों पर आजतक सरकार के नुमाइंदों का कंट्रोल होना तो दूर किस तरह से चोरी की जाती है, यह उपाय खुद बताएं जाते हैं। ऐसे में यह साफ दिख रहा है कि जो व्यक्ति हर महीने बिल दे रहा है, शोषण उसी का होना तय है। जिन लोगों के कई-कई महीनों के बिल रुक जाते हैं और लाखों रुपए उन पर उधार है, उनसे इन्हीं विभाग के लोगों से मधुर सम्बंध हैं। ऐसे में मानो या न मानो हर जगह मध्यमवर्ग के लोगों से अंग्रेजों की तरह लगान वसूलने को परम्परा चल चुकी है। कभी सड़कों पर टैक्स वसूली कभी हेलमेटो पर चालान, कभी जीएसटी की छापेमारी तो कभी खाद्य विभाग का खौफ आम जनता को खूब दिखाया जा रहा है और आज प्रत्येक मध्यमवर्गीय व्यक्ति व व्यापार करने वाला व्यक्ति दहशत के साय में जी रहा है।





## छपार टोल मैनेजर ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर जताई थी अनहोनी की आशंका

**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)।** देर रात टोल पर हुई मारपीट का टोल मैनेजर मुकेश भी प्रत्यक्षदर्शी था, जिसने खुद एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति को सौंपा था, जिसमें उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही व अपहरण हुए डिप्टी मैनेजर अरविंद के साथ किसी बड़ी अनहोनी होने की आशंका जताई थी। हालांकि देर शाम में डिप्टी मैनेजर अरविंद का शव मेरठ के जानी से चाकुओं से गुदा हुआ पुलिस ने बरामद किया।




## छपार टोल के डिप्टी मैनेजर की हत्या करने वाले दो आरोपियों को मुठभेड़ में किया घायल

**मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर (बु)।** देर रात छपार टोल प्लाजा पर कार्यरत डिप्टी मैनेजर अरविन्द पांडेय की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में घायल कर दिया। दोनों आरोपियों को छपार में ही घेरकर पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया, जिसमें दोनों आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर डाली। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने भी दोनों आरोपियों पर फायरिंग की, जिसमें दोनों आरोपियों को गोली पैरों में जा लगी। घायल आरोपियों को जिला चिकित्सालय लाया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों का उपचार जारी था। गिरफ्तार आरोपियों में एक का नाम शुभम तथा दूसरा उसका साथी बताया गया है।





# उत्तर प्रदेश के 121 राजनीतिक दलों पर गिरी निर्वाचन आयोग की गाज

**लखनऊ 19 सितम्बर (वार्ता)** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश के 121 पंजीकृत राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है । हटाए गए दल 30 दिनों के भीतर भारत निर्वाचन आयोग में अपील कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अपने आदेश 19.09.2025 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के ऐसे 121 पंजीकृत दलों को पंजीकृत राजनैतिक दलों की सूची से बाहर कर दिया है, जिन्होंने वर्ष 2019 से लगातार छह वर्षों तक न तो विधानसभा और न ही लोकसभा का कोई चुनाव लड़ा है। उन्होंने बताया कि इन दलों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29बी एवं धारा 29सी, आयकर अधिनियम, 1961 के प्राविधानों तथा चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश, 1968 के तहत राजनैतिक दलों को प्राप्त होने वाले किसी भी लाभ का अधिकार अब समाप्त हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस आदेश से क्षुब्ध कोई भी पक्ष आदेश की तिथि से 30 दिनों के भीतर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि सूची से बाहर किए गए दलों की जानकारी जिलेवार सूची में उपलब्ध करा दी गई है। जिनमें उत्तर प्रदेश राज्य के 51 जनपदों के पंजीकृत पतों पर 121 पंजीकृत राजनैतिक दल शामिल हैं।




## रुपया 4.50 पैसे मजबूत

**मुंबई, 19 सितंबर (वार्ता)** रुपया शुक्रवार को 4.50 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 88.16 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 35.50 पैसे टूटकर 88.2050 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। यह दो पैसे गिरकर 88.2250 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और पूरे दिन 88.0650 रुपये प्रति डॉलर और नीचे 88.3425 रुपये प्रति डॉलर तक गया। निजी एवं सार्वजनिक बैंकों की डॉलर बिकवाली से रुपये को मजबूती मिली है। हालांकि शेयर बाजार की गिरावट से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही।

## दिन-दहाड़े मकान के ताले तोड़कर चोरी

**खतौली, 19 सितम्बर (बु.)।** नगर की आवास विकास कॉलोनी स्थित मकान के दिन-दहाड़े ताले तोड़कर अज्ञात चोर भारी नकदी सहित लगभग आठ लाख के साने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। मिली जानकारी के अनुसार आवास विकास कॉलोनी निवासी आशीष दिन में अपने ऑफिस चला गया तथा उसकी पत्नी भी स्कूल में पढ़ाने गयी थी। बताया जाता है कि दोपहर को जब पत्नी स्कूल से लौटी, तो मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। महिला ने जब मकान के अंदर जाकर देखा, तो कमरे की अलमारी के भी ताले टूटे हुए थे तथा अलमारी से सोने के कंगन, कुण्डल, जंजीर व अन्य आभूषणों सहित लगभग 20 हजार रुपये की नकदी गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही मकान स्वामी आशीष द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर कॉलोनी के मकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की गयी। दिन दहाड़े कॉलोनी में हुई चोरी की वारदात से कॉलोनीवासियों में दहशत बनी हुई है।

# मंगेतर से बात करने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**बुढ़ाना, 19 सितम्बर (बु.)।** मंगेतर से मोबाइल फोन पर बात करने के कुछ ही देर बाद एक नवयुवक ने अपने घर के पीछे स्थित गन्ने के खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में नवयुवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार दलित श्याम लाल निवासी गांव हबीबपुर सीकरी थाना फुगाना का 21 वर्षीय पुत्र बादल की मंगनी चरथावल थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में विगत दिवस हुई थी। बीती बृहस्पतिवार की देर रात वह अपने कमरे में सोने के लिए चला गया और कमरे में जाकर अपनी मंगेतर से बात करने लगा। कुछ देर बाद उसके परिजन उसके कमरे में आए, तो देखा वो वहां पर नहीं था, तब उसको इधर उधर तलाश किया गया, तो वह नहीं मिला। परिजनों ने उसके नंबर पर फोन किया तो घंटी जाती रही। फोन मिलाते रहने के कुछ समय बाद परिजनों को घंटी बजने का आभास घर के पीछे स्थित ईंख के खेतों में हुआ, तो वे ईंख के खेतों की तरफ गये, तो देखा बादल फांसी के फंदे पर झूल रहा है, तो उनकी चीख निकल गयी। चीख सुनकर मौके पर पड़ोसी आ गये। इस घटना की सूचना चौकीदार के माध्यम से फुगाना पुलिस को मिली, तो परिजनों ने पुलिस के आने से पहले ही आनन-फानन में बादल का अंतिम संस्कार दिया। फुगाना पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली, तो पता लगा कि बादल ने अपनी मंगेतर से लगभग 04 मिनट फोन पर बातचीत भी की और फिर किसी बात पर अपनी मंगेतर से रुठकर फोन का लोक खोल दिया और घर के पीछे ईंख के खेत में जाकर रात्रि में मौत को गले लगा लिया। बादल की 29 नवम्बर को बारात जानी थी। बादल नशे का आदि बताया गया है। बादल 2 भाई 2 बहन बताए गये हैं। परिजनों ने पुलिस से किसी भी कार्यवाही से इंकार कर दिया है।

## पुलिस के आने से पूर्व ही किया अंतिम संस्कार



# दिल्ली-एनसीआर को दहलाने की थी बड़ी साजिश, पुलिस ने ध्वस्त किया मॉड्यूल, 5 आतंकी गिरफ्तार

## भारी मात्रा में हथियार हुए बरामद, पोटेशियम नाइट्रेट, नाइट्रिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड भी बरामद

**नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस से प्रेरित एक खतरनाक आतंकी मॉड्यूल को ध्वस्त कर दिया है, जो दिल्ली में बड़े हमले की साजिश रच रहा था। अगर इनकी साजिश सफल होती तो ये दिल्ली में बड़ा धमाका कर सकते थे। 10 सितंबर 2025 को शुरू हुई संयुक्त कार्रवाई में झारखंड, दिल्ली, मुंबई, मध्य प्रदेश और हैदराबाद में छापेमारी की गई, जिसमें 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें मुख्य आरोपी अशहर दानिश (23 वर्षीय अंग्रेजी स्नातक, बोकारो निवासी) शामिल है। दानिश के रांची स्थित ठिकाने से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, जिसमें पोटेशियम नाइट्रेट, नाइट्रिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, धातु और बैल बेयरिंग्स बरामद हुईं। यह सामग्री आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बनाने के लिए इस्तेमाल होती है। कार्रवाई की शुरूआत दिल्ली पुलिस को मिली खुफिया जानकारी से हुई, जिसमें दानिश और उसके साथियों के पाकिस्तानी हैंडलर से संपर्क का खुलासा हुआ। दानिश पिछले 18 महीनों से रांची के तबरक लॉज में छिपा हुआ था और सिग्नल व टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड ऐप्स के जरिए भर्ती और प्रोपगैंडा चला रहा था। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह 'खिलाफत' मॉड्यूल चला रहा था, जिसमें युवाओं को रेडिकलाइज कर रासायनिक हथियार बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता था। मुंबई के आफताब अंसारी और अबू सुफियान (दोनों दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से पकड़े गए, जिनके पास पिस्टल और डिजिटल डिवाइस बरामद), हूजैफा यामन (तेलंगाना से) और कमरान कुरैशी (मध्य प्रदेश से)। ये सभी 20-26 वर्ष के युवा हैं। 11 सितंबर को पटियाला हाउस कोर्ट ने दानिश और कुरैशी को 12 दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ से दिल्ली को दहलाने की साजिश का पता चला, जिसमें आईईडी से हमला कर भागने की योजना थी।



## विदेशी मुद्रा भंडार फिर 700 अरब डॉलर के पार

**मुंबई, 19 सितंबर (वार्ता)** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.698 अरब डॉलर बढ़कर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अब तक का दूसरा उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार का अब तक का उच्चतम स्तर 704.885 अरब डॉलर है जो 24 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह में दर्ज किया गया था। लगातार तीन सप्ताह की तेजी के साथ अब यह एक बार फिर उसके करीब पहुंच गया है। इससे पहले, गत 05 सितंबर को समाप्त में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 4.038 अरब डॉलर बढ़कर 698.268 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 सितंबर 2025 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 2.537 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गयी और यह 587.014 अरब डॉलर हो गया। साथ ही स्वर्ण भंडार भी 2.120 अरब डॉलर बढ़कर 92.419 अरब डॉलर रहा। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों की तरह रिजर्व बैंक भी डॉलर के मुकाबले अपना स्वर्ण भंडार तेजी से बढ़ा रहा है। यही कारण है अब स्वर्ण भंडार भी 100 अरब डॉलर पर पहुंचने के करीब है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खतौली-मोरना में की छापेमारी

## 11 नमूने जब्त करते हुए टीम ने जांच को भेजे प्रयोगशाला

**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)।** आगामी त्योहारी सीजन की दस्तक के बीच जनसामान्य को शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में शुरू कवायदों में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापामार अभियान चलाया। विभागीय टीम ने दौरान मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोक हेतु विशेषकर व्रत की मिठाइयों, दुग्ध उत्पाद, घी, कुट्टू का आटा, सिंघारा, आटा, व अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु विशेष छापामार अभियान चला कर विभिन्न नमूने एकत्रित किए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा-औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश के क्रम में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच व्रत की मिठाइयों, दुग्ध उत्पाद, घी, कुट्टू और सिंघाड़ा के आटे समेत अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए विगत दिवस सहायक आयुक्त खाद्य अर्चना धीरान, शिव कुमार मिश्रा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में विशेष छापामार अभियान चलाया गया। छापामार अभियान के दौरान टीम ने खतौली में कुटुम्ब रिटेल्स जीटी रोड से कुट्टू आटा, सेंधा नमक, सोहन लाल शांति प्रसाद, बड़ा बाजार खतौली से सिंगाड़े का आटा एवं एआर पाल किराना स्टोर भूड़ खतौली से कुट्टू का आटा व साबूदाना के कूल 05 विधिक नमूने नियमानुसार संग्रहित किये गये। वहीं एक नमूना ओम शांति प्रोविजन स्टोर से कुट्टू की गिरी का संग्रहित किया गया। वहीं तहसील जानसठ से विभागीय टीम ने पेस्ट्री का सैंपल बालाजी कंफेक्शनरी ग्राम बेहड़ा सादात, ककरौली, पनीर एवं मिल्क क्रीम का नमूना आजाद डेयरी मोरना, कुट्टू का आटा श्री दुर्गा इंटरप्राइजेज मोरना, साबूत दाना का नमूना खुशी प्रॉविजन स्टोर शुक्रताल से एकत्रित किए गए। इस प्रकार कुल 11 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को जांच हेतु प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी, सुनील कुमार, मनोज कुमार व कुलदीप सिंह सम्मिलित रहे।









श्री सूरजमल सुशीला जैन धर्मार्थ ट्रस्ट (रजि0) एवं
वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान (पंजी0), प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर
व
रामकुमार तायल (प्रदेश महामंत्री, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन)
के सौजन्य से अपनी धर्मपत्नी
स्व0 अनिता तायल की पंचम पुण्य तिथि पर

**आँखों का निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन का विराट कैम्प**

दिनांक : शनिवार, 20 सितम्बर, 2025
समय : प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 तक

स्थान: वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय
77, प्रेमपुरी, श्रेयांस डेयरी के सामने, मुजफ्फरनगर

चिकित्सक : डा0 स्वाति अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सीनियर आई सर्जन)

निवेदक - रामकुमार तायल, वंशज-वान्या तायल (पुत्र-पुत्रवधु)
गोल्डी-सचिन (पुत्री-दामाद), मीनाक्षी-नीरज (पुत्री-दामाद)
खुशबु-अंकित (पुत्री-दामाद), प्राची-गौरव (पुत्री-दामाद)

# एमडीए टीम ने 6 स्थानों पर किया 32 बीघा भूमि को ध्वस्त

**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)।** नगर क्षेत्र के सीमा विस्तार के बीच घनी आबादी में रहने वाले लोगों की जरुरत के चलते अवैध कॉलोनियों के बूते अधिक धन कमाने की लालसा में तमाम नियम-कानून आए दिन ध्वस्त हो रहे हैं। कुकुरमुत्ते की तरह पनपते इस कारोबार पर अंकुश लगाने की खातिर एमडीए प्रशासन का चाबुक ऐसे कारोबारियों पर कहर बरपाने की दिशा में सक्रिय हो चला है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा है। शुक्रवार को इसी कड़ी में एमडीए अफसरों की कार्यवाही की जद में आने से करीब 32 बीघा भूमि को बिना मानचित्र के हो रहे अवैध निर्माण पर एमडीए के बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

शुक्रवार को एमडीए के विकास क्षेत्र जोन-4 में मंडलायुक्त की प्रेरणा एवं एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेश पर अवैध भू-स्वामी-प्लॉटिगकर्ता राजेश सैनी व अशोक सैनी पुत्र प्रकाश सैनी द्वारा चरथावल रोड निकट शनि मन्दिर के पास खसरा नं. 373 पर लगभग 4 बीघा भूमि, हाजी शमशेर द्वारा चरथावल रोड पर मदरसे के बगल में करीब 8 बीघा भूमि, कल्लू, यामीम, शमीम पुत्र बुन्दू द्वारा खसरा नं. 76क, खांजापुर काली नदी के किनारे डूब क्षेत्र मुजफ्फरनगर में लगभग 07 बीघा भूमि, ओमवीर सिंह पुत्र नथन सिंह, मौ. आमीर पुत्र मौ. जमुआ द्वारा खसरा नं. 75क, हिंडन नदी के पास, न्याजूपुरा-चरथावल रोड पर लगभग 06 बीघा भूमि, सुरेन्द्र पुत्र पालेराम ने खसरा 617/1 शाहबुद्दीनपुर मुजफ्फरनगर में लगभग 05 बीघा एवं अर्जुन कुमार, सुशील कुमार पुत्र बलेशर द्वारा खसरा नंबर 52 खांजापुर चरथावल रोड में करीब 02 बीघा भूमि में अनाधिकृत रूप से प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना ही अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण टीम द्वारा ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध एमडीए ने पूर्व में नोटिस जारी किए थे। जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। ऐसे में शुक्रवार को टीम ने मुजफ्फरनगर के जोन-4 में इन 6 स्थलों पर लगभग 32 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण कार्यवाही की गई है। अवैध प्लॉटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय एमडीए के एई, जेई एवं प्राधिकरण टीम के साथ संबंधित थाने का पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित रहा।



# एसडी पब्लिक स्कूल की अध्यापिका सीमा सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में किया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बुस.)।** एसडी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका और सामाजिक महिला कार्यकर्ता सीमा सिंह ने रक्तदान के क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। वे उत्तर प्रदेश की अकेली महिला हैं, जिन्होंने अब तक 28 बार स्वैच्छिक रक्तदान (दुर्लभ रक्त समूह) किया है। उनके इस अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें लखनऊ में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम उत्तरप्रदेश रक्त संचरण परिषद द्वारा आयोजित किया गया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री ने सीमा सिंह को प्रशस्ति-पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया। सीमा सिंह एसडी पब्लिक स्कूल में संस्कृत की अध्यापिका हैं और साथ ही मिशन वंदे मातरम ट्रस्ट की सक्रिय सदस्या भी हैं। उनका कहना है कि यह उपलब्धि मुझे एक दिन में नहीं मिली, बल्कि यह निरंतर रक्तदान और समाज सेवा की भावना का परिणाम है। मानव कल्याण और सच्ची सेवा से ही मुझे यह मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने अपने परिवार, विद्यालय की निदेशिका, प्रधानाचार्या सहयोगी साथियों और मिशन वंदे मातरम ट्रस्ट परिवार के अमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। सीमा सिंह की इस अनूठी पहल ने न केवल मुजफ्फरनगर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया है। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। विद्यालय की निर्देशिका चंचल सक्सेना एवं प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से उनको बधाई दी एवं समाज में उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना की।

# लो जी, अब पुलिस चौकी के पास वाली दुकान में हुई चोरी

## - 50 हजार रुपये की सम्पत्ति का हुआ नुकसान

**बुढ़ाना, 19 सितम्बर (बु.)।** अज्ञात चोरों ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की एक पुलिस चौकी के समीप स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखी 50 हजार रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। इस घटना से ये ही प्रतीत होता है कि बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी सिर्फ अवैध वसूली तक ही सीमित रह गये हैं, क्योंकि बायवाला पुलिस ने बीती 10 सितम्बर को 18 ट्यूबवेलों पर हुई चोरी की इन घटनाओं का अभी तक भी कोई खुलासा नहीं किया कि 10 दिन के भीतर फिर से चोरी की ये दूसरी घटना हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी से कुल एक या दो दर्जन कदम की दूरी पर मेरठ वाया करनाल हाइवे पर गांव सठेड़ी निवासी प्रदीप प्रजापति पुत्र रणबीर सिंह की कोल्ड ड्रिंक की दुकान है। बीती बृहस्पतिवार की रात लगभग आठ बजे वह रोजाना की भांति दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। शुक्रवार की सुबह उसके चाचा सोनू का फोन प्रदीप के मोबाइल पर आया, जिसमे सोनू ने बताया कि वह घूमने आया हुआ था। तुम्हारी दुकान का ताला टूटा पड़ा है और शटर खुला है। सामान भी अस्त व्यस्त हैं, तो प्रदीप कुछ ही देर बाद दुकान पर आया, तो हक्का-बक्का रह गया, क्योंकि दुकान से लगभग 50 हजार रुपए की कीमत का बैट्रा, इंवर्टर, सौर उर्जा की प्लेटें, सिगरेट, रजनी गंदा और कोल्ड ड्रिंक के अलावा अन्य सामान गायब था, तब उसने सामने ही स्थित चौकी पर पुलिस को आवाज देकर बुलाया और घटनास्थल का मुआयना करवाया। पुलिस ने पीड़ित से घटना की जानकारी लेकर तहरीर लेकर अज्ञात चोरों की तलाश में आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए थे। पुलिस चौकी के पास हुई घटना को लेकर अन्य दुकानदारों में भय बना हुआ है। उधर दूसरी और बीती 10 सितम्बर को भी अज्ञात चोरों ने इसी चौकी क्षेत्र के जंगलों से 18 ट्यूबवैलों पर चोरी कर ली थी।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-96/15.02.2023 में बच्चे का नाम दैविक है व माता का नाम मनी गुप्ता है, जबकि बच्चे का सही व पूर्ण नाम दैविक गर्ग व माता का नाम मनी गर्ग है। भविष्य में इन्हें इन्ही नाम से जाना जायेगा। नाम शुद्धिकरण हेतु विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है

**विपुल गर्ग पुत्र सुनील गर्ग**
लद्धावाला, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगरMob. 9997119440

## सूचना

मेरे पुत्र मौहम्मद अब्दुल रहीम खान के जन्म प्रमाण -पत्र संख्या 12048, दिनांक 30/12/2017 तथा पुत्री हुदा के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 9229, दिनांक 25/8/2020 में गलती से पिता का नाम मौ0 जावेद खान अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक एवं सभी अभिलेखों में मेरा नाम जावेद खान है। भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बंधित विभाग में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- **जावेद खान**
639/1, गली नम्बर -4, निकट आजाद स्कूल रहमतनगर, मुजफ्फरनगर, मो. 9917054006

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 113700 | चांदी- | 131050 |
| सिक्का- | 1500 | गिन्नी- | 84510 |

## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 20 सितम्बर, 2025**

**मेष-** आरोग्य सुख, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ, पारिवारिक प्रसन्नता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

**वृषभ-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/37 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

**कर्क-** विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

**सिंह-** मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

**कन्या-** आज दिन 10/37 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन।

**तुला-** आज दिन 10/37 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोधकी अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि।

**वृश्चिक-** नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

**धनु-** दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

**मकर-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

**कुम्भ-** आज दिन 10/37 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

**मीन-** किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722






# त्रिवेणी इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लि. में रासायनिक रिसाव अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)।** औद्योगिक रासायनिक रिसाव अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लि. एल्को कैमिकल्स कॉम्पलेक्स में डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय वर्मा व अपर जिलाधिकारी वित्त गजेंद्र कुमार की उपस्थिति में आपदा, राहत एवं बचाव के टिप्स दिए गए। औद्योगिक रासायनिक एवं अग्नि सुरक्षा आफ-साइट आपात योजना के तहत यहां औद्योगिक रासायनिक एवं सुरक्षा से बचाव हेतु अभ्यास रिहर्सल किया गया। इस दौरान फायर मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन टीम के साथ मौके पर जिले के अधिकारियों की टीम मौजूद रही, जहां अग्निशमन सेवा की टीम व एनडीआरएफ राहत बचाव दल ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर घायलों को बचाया।

केमिकल कॉम्पलेक्स में फायर मॉक ड्रिल में नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर व एसडीएम सदर प्रवीण द्विवेदी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, अग्नि सुरक्षा अधिकारी आरके यादव, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. विक्रांत तेवतिया, डॉ. अन्नू चौधरी, त्रिवेणी इंजीनियरिंग इंडस्ट्री लि. के प्रबंधक राजीव विहान व उनकी टीम एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ड्यूटी कटवाने आई बीएलओ की हालत खराब

## – गंभीर हालत में डाक्टरों ने किया हायर सेंटर रैफर

**बुढ़ाना, 19 सितम्बर (बु.)।** शुक्रवार को महिला बीएलओ की बीडीओ के आफिस में इसलिए हालत बिगड़ गयी, क्योंकि वह अपनी ड्यूटी कटवाने को बार-बार संबंधित अधिकारियों के आफिसों के चक्कर काट रही थी, मगर कोई भी अधिकारी उसकी पीड़ा सुनने को तैय्यार नही था। महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया। बीमार बीएलओ मीनाक्षी मलिक ड्यूटी कटवाने को दर-दर की ठोकरें खा रही थी। आज जब वह बीडीओ ऑफिस में स्पष्टीकरण देने गई, तो बीएलओ मीनाक्षी मलिक की अचानक हालत बिगड़ गई, तो बीडीओ सतीश कुमार ने आनन-फानन में बीएलओ मीनाक्षी मलिक को एंबुलेंस बुलाकर बुढ़ाना सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत के चलते बीएलओ को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मीनाक्षी मलिक खेड़ा मस्तान नंबर एक की शिक्षामित्र है। काफी समय से वह बुढ़ाना तहसील व बीडीओ ऑफिस पहुंचकर अपनी ड्यूटी कटवाने की मांग कर रही थी और अपनी बीमारी का भी हवाला दे रही थी। उधर तहसील के बाबू बीमार बीएलओ मीनाक्षी से सुविधा शुल्क की मांग कर चक्कर कटवा रहे थे, जिसके चलते पीड़ित मीनाक्षी पहले तहसील फिर बीईओ ऑफिस गई, जब सही जानकारी नहीं मिली, तो स्पष्टीकरण देने के लिए पीड़ित महिला बुढ़ाना बीडीओ ऑफिस पहुंची, तो वहां उसकी हालत बिगड़ गई, तो उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जहां उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया।



# युवक ने सीएम योगी को दी जान से मारने की धमकी, कहा- मैं आपको गोली से मार दूंगा



**मथुरा, 19 सितंबर (एजेंसी)।** मथुरा के फरह क्षेत्र में मुख्यमंत्री के जाने के बाद इंटरनेट मीडिया में एक युवक का खुद की कनपटी पर पिस्टल रखकर सीएम को जान से मारने का वीडियो वायरल हो गया। जानकारी जुटाकर पुलिस उसके पास पहुंची तो युवक तीन मंजिल मकान की छत पर चढ़ गया। पुलिस पर पिस्टल से तीन फायर झोंक दिए। तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद मांट थाना प्रभारी ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर उसे पीछे से दबोच लिया। युवक नशेड़ी है। पारिवारिक विवाद के कारण वह मानसिक रूप से अवसाद में चल रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मांट थाना क्षेत्र के नगला हरदयाल मजरा जाबरा निवासी सुनीत उर्फ गटुआ का ताऊ के बेटे रामप्रकाश से एक स्कूल की जमीन का विवाद चला आ रहा है। रामप्रकाश ने सुनीत की मां से बैनामा कराया था। सुनीत का आरोप है कि मां से धोखे से बैनामा कराया गया है। जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद चला आ रहा है। उसने सीएम पोर्टल से लेकर कई अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते सुनीत मानसिक परेशान रहने लगा और अधिक नशा करने लगा। गुरुवार रात को सुनीत ने नशे में एक वीडियो बनाया। 21 सेकंड के वीडियो में उसने अपनी कनपटी में पिस्टल रखकर मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दे दी। गुरुवार को फरह कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री के जाने के बाद इंटरनेट मीडिया में वीडियो प्रसारित हो गया। पुलिस ने वीडियो में धमकी देने वाले को चिन्हित करके शाम चार बजे उसके घर पहुंची। पुलिस को देख सुनीत पिस्टल लेकर तीन मंजिल के मकान की छत पर पहुंच गया और अपनी जान देने की धमकी देने लगा। पुलिस उसके पास जाने लगी तो उसने तीन फायर झोंक दिए। चार घंटे तक पुलिस समझाने को जूझती रही। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने सुनीत को बातों में उलझाया। मांट थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर उसे पीछे से दबोच लिया। एसपी ग्रामीण ने बताया कि आरोपित नशेड़ी किस्म का है। उसे गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद के चलते परिवार के ही चाचा-ताऊ में कई वर्षों से विवाद चलता आ रहा है। वर्ष 2004 में परिवार के लोगों ने ही सुनीत के पिता की हत्या की थी। इस प्रकरण में न्यायालय ने परिवार के पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुना चुकी है। पिता की मृत्यु के बाद से ही सुनीत नशा करने लगा था। उसका आरोप है कि चाचा-ताऊ ने उसकी भूमि को हड़प लिया है। उसे हिस्सा तक नहीं दिया।

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में गेट/जैम सूचना सत्र एवं कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन




**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट-2026) एवं जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स (जैम-2026) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों के प्रति प्रेरित करना था। इस जानकारीपूर्ण सत्र का आयोजन गेट-जैम ऑफिस, आईआईटी रुड़की द्वारा किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी रुड़की के रसायन अभियांत्रिकी विभाग के प्रख्यात प्रोफेसर प्रो. विमल चंद्र श्रीवास्तव एवं प्रो. बशेश्वर प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि प्रो. विमल चंद्र श्रीवास्तव एस.डी. इंजीनियरिंग के वर्ष 2001 बैच के गौरवशाली पूर्व छात्र (एल्यूमनी) हैं और वर्तमान में वे आईआईटी रुड़की में डीन इंटरनेशनल रिलेशन्स के पद पर कार्यरत हैं। साथ ही वे गेट कॉर्डिनेटर भी हैं। उन्होंने अपने अनुभवों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों से भी अवगत कराया। अपने संबोधन में बताया कि गेट और जैम जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएँ न केवल छात्रों को आईआईटी, एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि शोध एवं पीएच.डी. की दिशा में भी मार्ग प्रशस्त करती हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को सही रणनीति, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाएँ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी हैं। हमें गर्व है कि हमारे छात्र गेट और जैम जैसी परीक्षाओं में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे सेमिनार छात्रों को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं। हमारा संस्थान सदैव विद्यार्थियों के समग्र विकास और उनके करियर निर्माण के लिए प्रयासरत रहेगा। कॉलेज के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन को दिशा देने का साधन है। गेट और जैम जैसी परीक्षाएँ विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान में उत्कृष्ट बनाती हैं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती हैं। कॉलेज सदैव विद्यार्थियों को नवीनतम शैक्षिक अवसरों और प्रतियोगी माहौल से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम में कुल 110 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर को नो प्लास्टिक जोन बनाने के संदेश को लेकर एक पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें अवनि गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, ज्योति, अक्षित और आदित्य को द्वितीय स्थान तथा अभिजीत, लक्ष्मी एवं नारायण को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल्स व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के आक्यूएसी सेल (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) तथा एनएसएस विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

# द्वारकापुरी पार्क में एलईडी पर शुरू हुई रामानन्द सागर की रामायण




**मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)।** रामानंद सागर की रामायण का धारावाहिक नाटक आज भी किसी परिचय का मोहताज नहीं है, जिसका जिक्र इसको देखने वालों के बीच अक्सर होता है। इस धार्मिक सीरियल का प्रसारण साल 1987 में दूरदर्शन पर हुआ था। बाद में कोरोना महामारी के दौरान भी टीवी पर इसे दोबारा से दिखाया गया था, पुराने लोगों को याद होगा। इससे आज भी लोगों का भावनात्मक जुड़ाव है। इसकी सफलता ने मुख्य किरदार निभाने वाले सितारों को भी जहां पॉपुलैरिटी दिलवाने के साथ उनके रूप में भगवान को देखा गया। जनपद मुख्यालय पर इस कड़ी में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नई मंडी द्वारकापुरी पार्क में शुक्रवार सायं 7 बजे स्थानीय लोगों द्वारा श्री रामानंद सागर कृत रामायण एलईडी द्वारा दिखाई जाने का विधिवत शुभारंभ किया गया। द्वारकापुरी पार्क में रामायण के शुभारंभ अवसर पर सभी लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने के आह्वान के साथ प्रार्थना की गई कि कार्यक्रम में इस दौरान सभी परिवार सहित एक अक्टूबर तक होने वाले रामलीला मंचन का एलईडी पर आनंद लें। मौहल्ले में होने वाले इस कार्यक्रम के लिए द्वारकापुरी के सभी सदस्य पूरे तन-मन-धन से लगे हुए हैं। इस बीच यहां पर प्रसाद एवं चाय वितरण भी दैनिक रूप से होगा। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के रिटायर्ड लिपिक राकेश शर्मा, कुलदीप शर्मा समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्यों की भागीदारी रही।

# श्रीरामलीला ठाकुरद्वारा ट्रस्ट के 115वें लीला मंचन का उद्घाटन हुआ



**खतौली, 19 सितम्बर (बु.)।** श्रीरामलीला ठाकुरद्वारा ट्रस्ट के 115वें लीला मंचन का उद्घाटन नगरपालिका परिषद के खाद्यय व सफाई निरीक्षक नैपाल सिंह द्वारा पूजा-अर्चना के पश्चात फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सेष्ठ रामस्वरूप पालीवाल ठाकुरद्वारा ट्रस्ट में श्रीरामलीला के 115वें धार्मिक मंचन का शुभारम्भ करते हुए नगरपालिका परिषद के खाद्य व सफाई निरीक्षक नैपाल सिंह ने कहा कि रामलीला ही एकमात्र ऐसा मंचन है, जिसका प्रत्येक पात्र शिक्षाप्रद है, जहां हमें रामलीला मंचन से भगवान श्रीराम से मर्यादा की शिक्षा मिलती है, वहीं रावण, विभिषण, हनुमान आदि पात्रों से भी शिक्षा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन से हमारी भावी पीढ़ियों को संस्कार व मर्यादित रहने की सीख मिलती है। उन्होंने रामलीला में दर्शाए गये प्रसंगों का अनुसरण करने पर बल देते हुए श्रीरामलीला कमैटी ठाकुरद्वारा पदाधिकारियों व सहयोगियों द्वारा लगभग 115 वर्षों से निरंतर लीला का मंचन कराये जाने के लिए साधुवाद दिया। इससे पूर्व ज्योतिषाचार्य पंडित श्रीनिवास शर्मा द्वारा रामलीला मंच पर मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करायी गयी, जिसमें रामलीला कमैटी प्रधान सेठ गणेश शंकर पालीवाल, पूर्व प्रधानाचार्य वेद प्रकाश अग्रवाल, मंत्री राजेन्द्र जैन, अनुज शर्मा एडवोकेट, दुष्यन्त शर्मा, सूरज पालीवाल, राम किशन सैनी पूर्व सभासद, नवीन गुप्ता आदि शामिल रहे। इसके पश्चात श्रीरामलीला मंचन विधिवत प्रारम्भ हुआ। इस दौरान प्रथम दिन नारदतप, कामदेव द्वारा तप भंग करने व मनुशतरूप द्वारा वरदान मांगने की लीला का भव्य मंचन किया गया। रामलीला के प्रथम दिन ही स्त्री-पुरूषों की रामलीला भवन में भारी भीड़ दिखायी दी। रामलीला उदघाटन समारोह में गणेश शंकर पालीवाल, कुलबीर कर्णवाल, तेजपाल शर्मा, गौरीशंकर, पूर्व प्रधानाचार्य वेद प्रकाश अग्रवाल, सतीश प्रकाश वर्मा, अमरीश गुप्ता, अनुज शर्मा एडवोकेट आदर्शनगर, कन्हैया मित्तल, हितेश शर्मा, सुनील आडवाणी, संतलाल एडवोकेट, बृजभूषण विश्वकर्मा, मनोज सैनी, राजेन्द्र विश्वकर्मा, अजय अग्रवाल, राजपाल बाल्मीकि, संजीव शर्मा, प्रवीण, रजनीश मिश्रा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# श्रीराम बारात और शोभायात्रा ने पूरे कस्बे को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया



**जानसठ, 19 सितम्बर (बु.)।** शुक्रवार को जानसठ में निकली गई श्रीराम बारात और शोभायात्रा ने पूरे कस्बे को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया। इस दौरान समाजसेवी एवं भावी चैयरमेन प्रत्याशी रजनीश सैनी उर्फ मोनी ने नारियल फोड़कर राम बारात का उद्घाटन किया। इस भव्य आयोजन व श्रीराम बारात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में सजे-धजे रथों पर भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की मनमोहक झांकियां विराजमान थीं। वहीं, भगवान हनुमान की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। शोभायात्रा दोपहर बाद जानसठ के मुख्य बाजार से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न मार्गो से गुजरी। बारात का भव्य स्वागत करने के लिए जगह-जगह महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान राम और उनकी बारात पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग ने इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान पूरा कस्बा भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। इस शोभायात्रा में न केवल एक विशेष समुदाय के लोग बल्कि सभी धर्मों के लोगों ने हिस्सा लिया, जो सामाजिक सौहार्द और एकता का अद्भुत उदाहरण पेश करता है। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पुलिस प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बारात में शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं, प्रशासन एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया। श्री प्राचीन रामलीला कमेटी मौहल्ला मिश्रण के अध्यक्ष निशांत कंबोज ने बताया कि यह आयोजन हर साल बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। यह शोभायात्रा न केवल एक धार्मिक कार्यक्रम है, बल्कि यह हमें भाईचारे और एकजुटता का संदेश भी देती है। इस तरह की यात्राएं हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं, जो हमारी समृद्ध परंपराओं और मूल्यों को दर्शाती है। जानसठ में निकली गई यह श्रीराम बारात आने वाले वर्षों में भी भक्तों को प्रेरणा देती रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से ब्राह्मण सभा अध्यक्ष चन्द्र मुकुट शर्मा, उमाशंकर शर्मा, सोनी कुमार गुर्जर, रतन सिंह राजपूत, राम अवतार दीक्षित, सुमित सैनी, ठाकुर प्रदीप राणा, अनिल कुमार, अमरजीत सैनी, विवेक कश्यप, आशीष भारद्वाज, रीतू राज गुजर, अंकुर संगल श्री आदर्श रामलीला अध्यक्ष, धनी राम धनगर, गौरव भटनागर, सत्य पाल, सुशील कुमार, धर्मेश सैनी, राजेन्द्र प्रधान, गौपाल संगल, सतेन्द्र कश्यप, सतेन्द्र धामा, डॉ. गौतम, रोहित खत्री, गौरव वाल्मीकि, अश्विनी अग्रवाल, राकेश पाल, रजनीश सैनी उर्फ मोनी, रीतू राज गुर्जर, ब्रिजेश रस्तोगी, राजीव गुप्ता, निशांत कांबोज, नवनीत कांबोज, नेत्रपाल कश्यप, विवेक उपाध्याय, आशुतोष कंसल, शिव कुमार पाल, राहुल प्रजापति, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# शाहपुर के रामलीला में आकर्षक बना वृन्दावन धाम के विश्व प्रसिद्ध कलाकारों का अभिनय

## - रावण, कुम्भकरण, मेघनाद के जन्म की लीला का किया आयोजन
## - रामलीला मंचन में विघ्न डाला तो सलाखों के पीछे होंगे असामाजिक तत्व : थानाप्रभारी



**शाहपुर, 19 सितम्बर (बु.)।** नगर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजि के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में दूसरे दिन रंगमंच पर वृन्दावन धाम की प्रसिद्ध कलाकार मंडली द्वारा रावण, कुंभकरण व विभीषण जन्म की लीला का सफल मंचन किया गया। मंडली द्वारा श्री राम लीला के मंचन की चहुं ओर सराहना हो रही है। श्री रामलीला के मंचन के दूसरे दिन दर्शक गणों की संख्या में इजाफा हो गया तथा नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल से भी लोग श्री रामलीला के मंचन को देखने पहुंचे। थाना प्रभारी मोहित चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली है, वहीं रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी आयोजन को सफल बनाने में जी जान से जुटे हुए हैं। नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में रामलीला मंचन के दूसरे दिन दिन रंगमंच पर भगवान गणेश के साथ भगवान विष्णु एवं रामायण जी की आरती हुई। इसके पश्चात वृन्दावन धाम से पधारी विश्व प्रसिद्ध कला मंडली के कलाकारों ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया। गौरतलब है कि इससे पूर्व गत दिवस नारद मोह की लीला के अंतिम चरण मे देव ऋषि नारद जी द्वारा भगवान विष्णु एवं जय विजय को दिए गए श्राप के प्रसंग का सुंदर मंचन किया। इसके बाद रावण कुंभकरण एवं विभीषण के जन्म की लीला का प्रदर्शन कलाकारों द्वारा बेहतरीन वेशभूषा एवं भाषा शैली के द्वारा किया गया। लंकापति रावण अपने पूर्व जन्म में भगवान विष्णु के द्वारपाल हुआ करते थे। ऋषियों के कारण उन्हें तीन बार राक्षस कुल में जन्म लेना पड़ा। महापंडित, महाज्ञानी, ज्योतिष के महान जानकार एवं सबसे बड़े शिवभक्त रावण ने मय दानव की पुत्री मंदोदरी से विवाह किया तथा लंका पर शासन करने के उपरांत उसने समस्त देवताओं समेत देवताओं के राजा इंद्र पर विजय प्राप्त कर ली और ऋषि-मुनियों से भी रक्त के रूप में कर लेना प्रारंभ कर दिया। रावण के अत्याचार से पृथ्वी सहम गई तथा भगवान विष्णु से रावण के आतंक से मुक्ति के लिए मानव रूप में अवतार लेने का आग्रह किया। इस पूरी लीला को प्रसिद्ध कला मंडल के द्वारा अति सुंदर झांकियों एवं संवाद के द्वारा प्रस्तुत किया गया। पहली बार रंगमंच पर इतने विस्तार से इस लीला का मंचन हुआ। श्री रामलीला के दूसरे दिन नगर के साथ-साथ देहात से भी बड़ी संख्या में राम भक्त भगवान राम के जीवन चरित्र का सजीव चित्रण देखने पहुंचे थाना प्रभारी मोहित चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बल ने श्रीरामलीला मैदान एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के उचित प्रबंध किए हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई कष्ट महसूस ना हो। थाना प्रभारी ने श्री रामलीला के मंच से स्पष्ट रूप से कहा कि एक पखवाड़े तक चलने वाले इस आयोजन में सुरक्षा की दृष्टि से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि श्री रामलीला कमेटी को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं असामाजिक तत्व को किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी, उनकी जगह केवल सलाखों के पीछे होगी। उधर दूसरी ओर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी महोत्सव को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। श्री रामलीला मंचन के दूसरे दिन व्यवस्था बनाने में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी, अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल, उपाध्यक्ष अरुण मित्तल, अनिल बंसल, डॉ. अनुज अग्रवाल, भंवर पाल कश्यप, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, डॉ. मुकेश त्यागी, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, ब्रज मोहन कोरी, मनोज अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल के साथ-साथ राधेश्याम नामदेव, सुदेश अग्रवाल, प्रमोद कर्णवाल, विनय नामदेव, मुकेश मित्तल, बबलू नामदेव, पवन सक्सेना, विशाल कर्णवाल, नीरज कर्णवाल गोल्डी, अनिल गोयल, शिवम सिंघल, विनीत मित्तल, अमित मित्तल, अतुल सिंघल बंटी, नितिन मित्तल, अक्षय अग्रवाल, अंकित सिंघल, मोहित बंसल का सहयोग रहा।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

### अपर्णा यादव की मां समेत एलडीए के 5 तत्कालीन कर्मियों पर केस दर्ज

**लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की मां अंबी बिष्ट समेत एलडीए के पांच तत्कालीनकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई विजिलेंस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आपराधिक साजिश रचने की धाराओं के तहत की है। जानकीपुरम जमीन घोटाले को अंजाम देने में उनकी भूमिका के पुख्ता प्रमाण विजिलेंस की गोपनीय जांच में मिलने पर शासन के आदेश पर कार्रवाई की गई है। बता दें कि अपर्णा यादव पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव की पत्नी हैं। विजिलेंस की एफआईआर के मुताबिक, शासन ने वर्ष 2016 में जानकीपुरम योजना में भूखंडों के आवंटन में बदलाव कर पंजीकरण करने में हुई हेराफेरी की जांच का आदेश विजिलेंस को दिया था। इसके तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण के तत्कालीन लिपिक मुक्तेश्वर नाथ ओझा की भूमिका तलाशनी थी। जांच में पता चला कि इस हेराफेरी को अंजाम देने की साजिश में तत्कालीन संपत्ति अधिकारी अंबी बिष्ट के साथ अनुभाग अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, उप सचिव देवेंद्र सिंह राठौर, वरिष्ठ कास्ट अकाउंटेंट एसवी महादाणे और अवर वर्ग सहायक शैलेंद्र कुमार गुप्ता भी शामिल थे।



# अपने छोटे बच्चों का रखें ध्यान, 2 साल 9 महीने से लापता बच्चे को परिजनों के पास पहुंचाया

## ह्यूमन ट्रैफकिंग विंग मुजफ्फरनगर को बड़ी सफलता, दिल्ली के रोहिणी से किया रेस्क्यू

**मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर के एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग विंग को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। ह्यूमन ट्रैफकिंग विंग ने एक बच्चे को जो कि लगभग 2 साल 9 महीने से लापता था, जिसके माता-पिता ने भी अपने बच्चे की आस छोड़ दी थी, लेकिन इस मामले में मुजफ्फरनगर पुलिस का ह्यूमन ट्रैफकिंग विंग लगातार इसमें जांच करने में लगा हुआ था। हालांकि मामला किसी तरह की तस्करी से जुड़ा हुआ नहीं है, फिर भी किसी मासूम की जिंदगी का सवाल था, तो पुलिस किसी तरह से रिस्क लेने के बिल्कुल भी मूड में नहीं थी।

इस मामले में मुजफ्फरनगर पुलिस के ह्यूमन ट्रैफकिंग विंग ने सर्विलांस और खबरी नेटवर्क लगातार जारी रखा और मामले में पूरी तरह से सतर्कता रखी। तभी इस मामले में ह्यूमन ट्रैफकिंग विंग को सफलता मिल सकी है। मामला 17 नबंवर 2022 का है। जब जनपद के नई पुलिस थाने के अतर्गत आने वाले गांव का बच्चा किसी कारण से नाराज होकर कहीं



चला गया। मामले में एफआईआर 3 दिसंबर 2022 को नई मंडी पुलिस थाने में दर्ज हुई। फिर इस मामले में पुलिस लम्बे समय तक खोजबीन की, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। ऐसे में बच्चे के माता-पिता ने भी एक समय आया तब उम्मीद छोड़ दी थी, क्योंकि लंबा समय हो गया था। बच्चा छोटा था, तो जाहिर है कि सभी यह मान के चल रहे थे कि बच्चा कहीं किसी अनहोनी का शिकार ना हो गया हो। अक्सर छोटे बच्चों को ऐसे गिरोह निशाना बनाते हैं, जो भीख मंगवाने या फिर उनके अंगों की तस्करी में शामिल होते हैं। ऐसा नहीं है कि यह बच्चे इन तस्करों का शिकार हो ही जाते हैं। आपको याद होगा कि अभी एक सप्ताह पहले ही देहरादून पुलिस ने अलग-अलग राज्यों से 87 बच्चों को रेस्क्यू किया था। यह बच्चे कई सालों से लापता थे, लेकिन पुलिस ने जांच जारी रख खुफिया जानकारियां हासिल कर मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 97 में से 87 बच्चों को बरामद कर लिया था। इसमें कुछ बच्चे ऐसे ही गिरोहों के हाथ लग गये थे। हैरान करने वाली बात यह थी कि इन 87 बच्चों में से 60 बच्चे घर से नाराज होकर कहीं चले गये थे। हम इस बात का जिक्र इसलिये कर रहे हैं, क्योंकि यह मामला भी कुछ हमारे इस मामले से जुड़ा हुआ है। यहां भी यह बच्चा ऐसे ही घर से चला गया। बुलेटिन संवाददाता ने जब एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग विंग के इंस्पेक्टर से बात की तो उन्होंने बताया कि इस मामले में भी शायद बच्चा घर पर किसी बात से रूठकर ट्रेन पर बैठकर चला गया। पुलिस को मामले की जांच में पता चला कि बच्चा दिल्ली में कई दिन कश्मीरी गेट के पास लावारिश घूमता रहा, जिसे चाइल्ड केयर कमेटी ने रेस्क्यू किया और रोहिणी स्थित आशा किरण सैंटर को सौंप दिया। इसकी जानकारी जैसे ही एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग विंग मुजफ्फरनगर की टीम को मिली, तो उन्होंने इस बच्चे की जानकारी एकत्रित की और दिल्ली पुलिस से संपर्क किया और संयुक्त अभियान चलाकर जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर सर्वेश कुमार और उनके साथ सब इंस्पेक्टर जगत सिंह, सब इंस्पेक्टर छोटेलाल शर्मा, हैड कांस्टेबल अमरजीत सिंह ने बच्चे को रोहिणी स्थित आशा किरण सैंटर से प्राप्त किया और मुजफ्फरनगर में उसके परिवार को सौंप दिया गया है। ऐसे में आपसे मुजफ्फरनगर बुलेटिन यह लगातार अपील करता रहता है कि अपने बच्चों का ध्यान रखिये। उन्हें इतना सक्षम बनाइये कि वो किसी के लालच में आकर ऐसे गिरोहों का शिकार ना बनें और बच्चों से बातचीत करते रहिये। बच्चे का मन काफी कोमल होता है, वो नाराज होकर कहीं निकल जाये, चले जाये, उससे आपकी चिंताएं बढ़ती हैं। ऐसे में उनके मन को स्थिर बनाना माता-पिता की जिम्मेदारी होती है।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, असम राइफल्स के 2 जवान शहीद, 4 घायल

**इंफाल, 19 सितंबर (एजेंसी)।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 4 जवान घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने आरआईएमएस अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब 6 बजे नम्बोल सबल लाइकाई इलाके में हुई, जब असम राइफल्स के जवान इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा- हमारे बहादुर जवानों पर घात लगाकर किए गए इस हमले की खबर से मैं गहराई से दुखी हूं। दो जवानों की शहादत और कई के घायल होने की खबर हम सबके लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा- शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना है। जवानों का साहस और बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा और इस घिनौने हमले के दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। पीएम मोदी के मणिपुर दौरे के दो दिन पहले भी राज्य में फिर हिंसा भड़की थी। 11 सितंबर की रात चुराचांदपुर में उपद्रवियों ने पीएम मोदी के स्वागत में लगे पोस्टर बैनर फाड़ दिए, बैरिकेडिंग गिरा दी और उनमें आग लगा दी थी। यह घटना पीसोनामुन गांव में हुई, जो चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन से लगभग 5 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने उपद्रवियों को भगाया। लाठीचार्ज भी किया। मणिपुर के जिरिबाम जिले में 10 नवंबर 2024 को सीआरपीएफ जवानों ने एनकाउंटर में 10 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया था। इन उग्रवादियों ने यहां के पुलिस स्टेशन और सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया था। जवाबी कार्रवाई के दौरान सीआरपीएफ का एक जवान घायल हुआ था।



### टीएमयू में नर्सिंग की छात्रा ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, मौत

**मुरादाबाद, 19 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की छात्रा तीसरी मंजिल से कूद गई। उस दौरान छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि छात्रा ने ऐसा क्यों किया। यह घटना दोपहर लगभग 2:52 बजे की बताई गई है। टीएमयू में नर्सिंग कॉलेज में पढ़ रही बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा दीक्षा पाल (पुत्री श्री जन्म सिंह, निवासी असमौली, जिला संभल) ने कॉलेज भवन की तीसरी मंज़िल से छलांग लगा दी। गंभीर हालत में छात्रा को यूनिवर्सिटी के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में डॉक्टरों की टीम ने प्रयास किया, लेकिन देर शाम उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कॉलेज प्रशासन ने तत्काल परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पाकबड़ा थाना पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

## रामभद्राचार्य के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया से हटाने का आदेश, एचसी ने एफबी-गूगल और यूट्यूब को जारी किया नोटिस

**इलाहाबाद, 19 सितंबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जगतगुरु स्वामी राम भद्राचार्य दिव्यांग विश्ववर्वि द्यालय के कुलपति स्वामी राम भद्राचार्य के खिलाफ एक यू ट्यूब चैनल और अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों पर चलने वाले कथित आपत्तिजनक वीडियो पर संज्ञान लेते हुए फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल और यू टयूब को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि इन मीडिया प्लेटफार्मों के शिकायत निस्तारण अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर स्वामी के खिलाफ दिखाये जा रहे वीडियो के विरुद्ध प्रत्यावेदन दिया जाए जिस पर तत्काल उक्त आपत्तिजनक वीडियो हटाने की कार्यवाही की जाए। साथ ही कोर्ट ने दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले स्टेट कमिश्नर को भी फेसबुक और इंस्टाग्राम चैनल चलाने वाले संपादक शशांक शेखर से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनके खिलाफ उचित कार्यवाही करने का आदेश दिया है। कोर्ट मामले की अगली सुनवाई आठ अक्टूबर को करेगी। यह आदेश जस्टिस संगीता चंद्रा और जस्टिस बृज राज सिंह की पीठ ने शरद चंद्र श्रीवास्तव व अन्य की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया है।

याचिका में मांग की गई है कि केद्र व राज्य सरकारें विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर लगाम लगाने के लिए नियम बनाएं और उनका सख्ती से पालने कराएं। साथ ही यह भी कहा गया कि यू ट्यूबर संपादक शशांक शेखर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर चैनल चलाते हैं। वह अपने यू ट्यूब चैनल के साथ साथ अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर स्वामी राम भद्राचार्य के खिलाफ अपमानजनक वीडियो चला रहे हैं। कहने के बावजूद न तो उन्होंने वीडियो को हटाया है और न ही संबंधित इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों ने ही अपने स्तर से कार्यवाही करके उक्त वीडियो को हटाया है। यह वीडियो राम भद्राचार्य पर खुलासा -16 साल पहले क्या हुआ था नाम से चलाया जा रहा है। कहा गया कि स्वामी जी बचपन से ही आंखों से दिव्यांग हैं फिर भी उनकी दिव्यांगता को लेकर अवमाननाजनक कंटेंट्स वाला वीडियो चलाया जा रहा है।



### पिता पुत्र को रंजिशन मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना, 19 सितम्बर (बु.)।** दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मुरसलीन पुत्र राशिद निवासी ग्राम रसूलपुर दभेड़ी ने बताया कि गांव के कामिल व शाहिद पुत्रगण मंजूर, सद्दाम व इकराम पुत्र कामिल, खालिद, मुदस्सिर और तालिब पुत्रगण जफरू उसके परिवार से रंजिश रखते हैं तथा आये दिन उससे व उसके परिवार के साथ गाली गलोच व मारपीट पर आमादा रहते हैं। बीते 16 सितम्बर को उसके घर पर राज मिस्त्री छज्जे पर कार्य कर रहा था। मौके पर पिता और भाई भी मौजूद थे कि तभी कामिल आदि ने लाठी डंडों से उनके मकान में घुसकर गाली गलौच शुरू करते हुए उनके साथ अंधाधुंध मारपीट की, जिसमें उसके पिता और भाई घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर आए मौहल्ले के काफी लोगों ने उनको आरोपियों के चंगुल से बड़ी मुश्किल से छुड़ाया, तो सभी आरोपी उनको हत्या की धमकी देकर भाग गये। उधर बुढ़ाना पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## बिजली गिरने से घर में आग लगी, जुगाड़ की नाव से बाढ़ पार की, लखनऊ में तेज बारिश; प्रदेश में 7 मौतें

**लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। आज 39 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। सोनभद्र में रिहंद बांध इस साल पांचवीं बार ओवरफ्लो हो गया। वाटर लेवल 870.4 फीट पार होने पर सिंचाई विभाग ने तीन गेट खोल दिए। यह प्रदेश का सबसे बड़ा बांध है। 24 घंटे में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। जौनपुर में तीन, कौशांबी में दो और हमीरपुर-चंदौली में 1-1 की जान गई है। प्रतापगढ़ के गोविंदपुर गांव में बिजली गिरने से एक घर में आग लग गई। गांव वालों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। कासगंज में गंगा नदी फिर से उफनाई गई। 24 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पटियाली तहसील के राजेपुरकुर्रा गांव में गंगा का पानी घुस गया। नाव संचालन भी ठप पड़ गया। ऐसे में राजेपुरकुर्रा गांव के दो लोगों ने प्लास्टिक की पन्नियों, भूसे और तिरपाल से जुगाड़ की नाव बनाई। उस पर साइकिलें रखकर बाजार गए। यह देखकर लोग चौंक गए। सहारनपुर में 6 से अधिक बरसाती नदियों



में अचानक सैलाब आ गया। शाकंभरी देवी मंदिर तक पहुंचने के लिए नदी में लोहे का अस्थायी पुल बनाया गया था, जो महज 3 सेकेंड में ढह गया।

### आकाशीय बिजली की चपेट आने से दो महिलाओं की मौत

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी में गुरूवार दोपहर से हो रही तेज बारिश और गरज-चमक के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं और दो बकरियों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में एक बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। जिसका इलाज मूरतगंज के निजी अस्पताल में चल रहा है। कोखराज थाना क्षेत्र के गांव पलटीपुर में खेत पर काम कर रही लीला देवी (45), पत्नी रमेशचंद्र सोनकर की मौके पर मौत हो गई। वहीं पास ही बंधी दो बकरियां भी मरीं। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गांव देवरा में करैला तोड़ रही शाहजहां बेगम (45), की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। इस दौरान शशि (14) पुत्री रामनारायण निवासी परऊमिया का पूरा गंभीर रूप से झुलस गई।

## तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, बाइक सवार घायल

**चरथावल, 19 सितम्बर (बु.)।** ग्राम चौकड़ा मार्ग पर तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने युवक की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चरथावल थाना-क्षेत्र के ग्राम चौकड़ा निवासी मोहसिन शुक्रवार की दोपहर को बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही बाईक सवार चौकड़ा मार्ग पर पहुंचा, तभी सामने से तेजगति से आ रहे टेंपो चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर लगने से मोहसिन बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, लेकिन हालत गम्भीर देखते हुए घायल को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि चालक वाहन लेकर फरार हो गया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि अभी तक स्वजन की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।



## हिंडन नदी में डूबी बैल-बग्गी, बैल की मौत

**चरथावल, 19 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के कुल्हेड़ी गांव में हिंडन नदी पार कर रहे एक किसान की बैल-बग्गी नदी के तेज बहाव में डूब गई। इस हादसे में ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसान की जान तो बचा ली, लेकिन उसके बैल की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और बचाव कार्य में जुट गई। जानकारी के अनुसार, कुल्हेड़ी गांव निवासी किसान शराफत पुत्र फिराद अली गुरुवार को अपनी बैल-बग्गी से हिंडन नदी पार कर पशुओं के लिए चारा लेने जा रहा था। नदी के बीच में पहुँचते ही पानी के तेज बहाव के कारण उसकी बैल-बग्गी अनियंत्रित होकर पलट गई, जब तक शराफत कुछ समझ पाता, वह और उसका बैल दोनों गहरे पानी में डूबने लगे। किसान को डूबता देख आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह शराफत को तो नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन उसके बैल को नहीं बचाया जा सका। पानी में डूबने से बैल की मौत हो गई। इस घटना से पीड़ित किसान और उसका परिवार गहरे सदमे में है। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



### कानूनी पचड़े में फंसा 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो', 'बाबूराव' के चक्कर में नेटफ्लिक्स को मिला लीगल नोटिस

**मुंबई, 19 सितंबर (एजेंसी)।** मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा का द्यद ग्रेट इंडियन कपिल शो कानूनी पचड़े में फंस गया है। वकील सना रईस खान ने प्रोड्यूसर फिरोज ए. नाडियाडवाला की ओर से नेटफ्लिक्स को एक कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' ने उनकी इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी से जुड़े एक आइकॉनिक किरदार का इस्तेमाल बिना अनुमति किया है। सरल शब्दों में कहें तो, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अधिकार का मतलब होता है कि किसी चहेते स्क्रीन किरदार को वहां इस्तेमाल किया गया, जहां शायद नहीं किया जाना चाहिए था। सना रईस खान ने कहा, 'बौद्धिक संपदा कोई मामूली बात नहीं है, यह क्रिएटिविटी की जान होती है। मेरे मुवक्किल के आइकॉनिक किरदार का बिना अनुमति उपयोग केवल उल्लंघन नहीं, बल्कि सबसे स्पष्ट कमर्शियल रूप में की गई चोरी है।

## प्रेमिका के बेटे को बंधक बनाकर तमंचा तानकर बैठा युवक

**कन्नौज, 19 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक सिरफिरे आशिक ने अपनी प्रेमिका के बच्चों को अगवा कर लिया। प्रेमिका ने तमंचे की नोक पर बच्चों को बंधक बना रखा है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीओ और कोतवाल सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद हैं। आरोपी प्रेमिका को बुलाने की जिद पर अड़ा है। पुलिस अधिकारी आरोपी को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। बावजूद इसके कई घंटे बीतने के बावजूद भी वह मानने के लिए तैयार नहीं है और लगातर अपनी मांग दोहरा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह मामला छिबरामऊ कोतवाली इलाके के जेरकिला का है। दीपू नाम के एक शख्स ने चार महीने पहले तीन बच्चों की मां से कोर्ट मैरिज की थी, हालांकि महिला किसी बात से नाराज होकर के दीपू को छोड़कर के चली गई। दीपू को महिला के इस तरह से चले जाने का ही गुस्सा है। शुक्रवार को दीपू ने महिला के बच्चों को तमंचे की नोक पर बंधक बना लिया है। साथ ही वह मौके पर प्रेमिका को बुलाने की जिद पर अड़ा है। दीपू प्रेमिका के नहीं आने पर बच्चों को मारने की धमकी भी दे रहा है। वह कभी तमंचे को अपने हाथ में लेकर लोगों को डरा रहा है, तो कभी अपने सिर पर सटा रहा है। इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे हैं। सीओ और कोतवाल मौके पर हैं और आरोपी दीपू को समझाने की लगातार कोशिश की जा रही है।



## 'या अली' फेम सिंगर जुबिन गर्ग की दुर्घटना में मौत

**मुंबई, 19 सितंबर (एजेंसी)।** बॉलीवुड के फेमस सिंगर जुबिन गर्ग के मौत की खबर से इस वक्त पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर है। उनकी मौत सिंगापुर में एक एक्सिडेंट की वजह से उस घटना के बाद हो गई, जब वो स्कूबा डाइविंग के लिए पानी में उतरे थे। इंजॉय और एडवेंचर के लिए समंदर में उतरे सिंगर के लिए ये उनका एक बुरा सपना बनकर रह गया। सिंगापुर पुलिस ने सिंगर को समुद्र से निकाला और पास के एक अस्पताल में उन्हें भर्ती किया गया। काफी ट्रीटमेंट और डॉक्टरों की देखभाल के बावजूद, वो उन्हें बचा नहीं पाए। जुबिन 52 साल के थे। बताया जा रहा है कि 'स्कूबा डाइविंग' के दौरान लगी चोटों की वजह से उनकी डेथ हो गई। खबर है कि जुबिन नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में भाग लेने के लिए सिंगापुर पहुंते थे, जहां उन्हें 20 सितंबर को परफॉर्म भी करना था। उनके मौत की खबर ने उनके परिवार, अपनों के साथ-साथ असम के लोगों और दुनियाभर में मौजूद उनके फैन्स को एक बड़ा सदमा पहुंचाया है। असम के इस कलाकार की दुःखद खबर सुनकर दुनियाभर से फैन्स शोक जता रहे हैं। साल 1995 के दौरान गर्ग बॉलीवुड में काम करने के लिए मुंबई चले गए, जहां उन्होंने अपना पहला इंडीपॉप सिंगल एल्बम 'चांदनी रात' शुरू किया था। बाद में, उन्होंने कुछ हिंदी एल्बम और रीमिक्स गाने रिकॉर्ड किए जिसमें 'चंदा' (1996), 'जलवा' (1998), 'यही कभी' (1998), 'जादू' (1999), 'स्पर्श' (2000), आदि शामिल थे। उन्होंने 'गद्दार' (1995), 'दिल से' (1998), 'डोली सजा के रखना' (1998), 'फिजा' (2000), 'कांटे' (2002) जैसी फिल्मों के लिए भी गाने गाए। इससे पहले साल 2022 में भी जुबिन अपने होटल रूम के बाथरूम में गिर गए थे जिस वजह से उनके सिर में चोटें आई थीं। तब जुबिन गर्ग असम में थे और उन्हें तुरंत ही वहां के डिब्रूगढ़ स्थित संजीवनी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जिसके बाद उन्हें एयरलिफ्ट कराया गया था। उनका सीटी स्कैन किया गया था और पता लगा कि उन्हें मिर्गी का दौड़ा पड़ा था, जिसके कारण वह बेहोश होकर गिर गए थे।



## दिशा पटानी के घर फायरिंग करने वाले दो नाबालिग दबोचे, पूछताछ कर रही दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसी)।** अभिनेत्री दिशा पटानी के घर फायरिंग करने वाले वाले दो नाबालिगों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने पकड़ लिया है। दोनों बागपत के रहने वाले थे। बता दें कि 11 सितंबर को दोनों ने दिशा पटानी के घर के बाहर एक राउंड फायर किया था और फरार हो गए थे। इसके बाद 12 सितंबर को दो अन्य बदमाशों ने दिशा पटानी के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिनका यूपी पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया था। बरेली पुलिस के मुताबिक, दिशा पाटनी के घर दो दिन यानी 11 और 12 सितंबर को फायरिंग हुई थी। 11 सितंबर को सुबह तड़के साढ़े 4 बजे नकुल और विजय ने फायरिंग की थी। जबकि, 12 सितंबर को हरियाणा के शूटर अरुण और रविंद्र ने फायरिंग की थी। यूपी एसटीएफ ने हरियाणा और दिल्ली पुलिस के साथ 17 सितंबर की शाम गाजियाबाद में अरुण और रविंद्र को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। इसके बाद से विजय और नकुल की तलाश जारी थी। चारों शूटर रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के गैंग के सदस्य थे। अपने दो शूटर मारे जाने के बाद गैंग लीडर रोहित गोदारा बौखला गया। उसने यूपी पुलिस को धमकी भी दी। कहा- हमारे दो शूटर्स मारे गए हैं, हम इसका बदला लेंगे। कोई कितना भी ताकतवर हो, माफी नहीं मिलेगी। पुलिस के मुताबिक, चारों शूटर दो बाइक से 10 सितंबर को बरेली आए थे। नकुल और विजय स्प्लेंडर बाइक से थे। दोनों सुबह 6 बजकर 48 मिनट पर झुमका चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर जंक्शन रोड के हिंद गेस्ट हाउस में अरुण, विजय और नकुल ने चेक-इन किया। यहां से दिशा पाटनी का घर आधा किलोमीटर दूर है। जबकि चौथा शूटर रविंद्र पुराने बस अड्डे से सटे प्रीत पैलेस होटल में रुका था। उसने सागर के नाम से आईडी दी थी।



### भाई-बहन की कोचिंग जाते समय कुचलकर मौत

**शाहजहांपुर, 19 सितंबर (एजेंसी)।** शाहजहांपुर में धान काटने वाली कंबाइन मशीन गाड़ी से कुचलकर भाई-बहन की मौत हो गई। गाड़ी का पिछला पहिया दोनों के ऊपर से गुजर गया। दोनों पड़ोसी की बाइक से कोचिंग जा रहे थे। बाइक चला रहा पड़ोसी हादसे में बच गया। टक्कर लगने के बाद तीनों बाइक से गिर पड़े। भाई-बहन कंबाइन के पिछले पहिए के नीचे आ गए। पड़ोसी दूसरे छोर पर जा गिरा। मौके पर मौजूद लोग घायल भाई-बहन को नजदीकी अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। कंपाइन मशीन को जब्त कर लिया है। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए उसकी तलाश कर रही है। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के पंचौली गांव निवासी श्रीनिवास मिश्रा के बेटा-बेटी कुंदन (18) और नमामि (16) शुक्रवार सुबह 7:30 बजे घर से निकले। दोनों को मंसूरपुर स्थित कोचिंग जाना था। वे पड़ोसी हरिप्रसाद के साथ बाइक से निकले। हरिप्रसाद बाइक चला रहा था। कुंदन बीच में और पीछे नमामि बैठी हुई थी। सुबह करीब 8 बजे घर से 700 मीटर की दूरी पर चांदापुर-ददरौल रोड पर पहुंचते ही कंबाइन मशीन ने बाइक को टक्कर मार दी। कुंदन और नमामि कंबाइन के पहिए के नीचे आ गए। हरिप्रसाद रोड के दूसरी तरफ जाकर गिरा। पहिए के नीचे आने से कुंदन का सिर कुचल गया। वहीं, नमामि के पैरों के ऊपर से पहिया गुजर गया। सिर पर भी गंभीर चोट आई। मौके पर लोगों की भीड़ आती देख कंपाइन का चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला।

## जेल से बाहर आएगा मुख्तार अंसारी का छोटा बेटा उमर, हाईकोर्ट से मिली जमानत

**इलाहाबाद, 19 सितंबर (एजेंसी)।** माफिया मुख्तार अंसारी का छोटा बेटा उमर अंसारी अब जेल से बाहर आएगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंमुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। कोर्ट ने गैंगेस्टर एक्ट में जब्त जमीन को कोर्ट से छुड़वाने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने और मां के फर्जी सिग्नेचर बनाने के मामले में उमर अंसारी तो जमानत दी है। बता दें कि, इस मामले में गाजीपुर की कोर्ट ने उमर अंसारी को सजा सुनाई थी। बता दें कि शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगेस्टर एक्ट में जब्त जमीन को कोर्ट से छुड़वाने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने और मां के फर्जी दस्तखत बनाने के मामले में माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। उमर अंसारी की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने सुनवाई की। उन्होंने उमर अंसारी के अधिवक्ता और सरकारी वकील की दलील को सुन कर उमर को जमानत देने का आदेश दिया। गैंगस्टर एक्ट से जुड़े एक केस में गाजीपुर पुलिस ने मुख्तार अंसारी की लगभग 10 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी। इस संपत्ति को छुड़ाने के लिए अदालत में अर्जी दी गई, जिसमें नाम उनकी पत्नी अफशा अंसारी का था, लेकिन सरकारी वकील को उस पर किए गए हस्ताक्षर संदिग्ध लगे। गौरतलब है कि अफशा अंसारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है और वह लंबे समय से फरार बताई जा रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में यह मामला और गंभीर हो गया है। मालूम हो कि, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान हेट स्पीच के प्रकरण में अब्बास को हाई कोर्ट ने बड़ी राहत दी थी, जिसके कारण उनकी विधानसभा की सदस्यता बहाल हो गई।



### शिवपाल ने 20 कॉल की, महिला डीएम ने नहीं उठाई

**लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसी)।** सपा महासचिव शिवपाल यादव का फोन न उठाना बुलंदशहर डीएम श्रुति को भारी पड़ गया। शिवपाल ने उन्हें 20-25 बार कॉल किया, लेकिन डीएम ने रिसीव नहीं किया। इससे नाराज होकर शिवपाल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिकायत कर दी। शिकायत के बाद महाना ने तत्काल डीएम को नोटिस जारी किया। नोटिस मिलने के बाद डीएम श्रुति को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने शिवपाल यादव को कॉल किया। उनसे माफी मांगी। इसके बाद शिवपाल ने उन्हें माफ कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अगर शिवपाल अपने रुख पर अडिग रहते, तो डीएम को विधानसभा में पेश होना पड़ सकता था। शिवपाल यादव ने कुछ महीने पहले एक कार्यकर्ता से जुड़े काम के लिए डीएम श्रुति को कॉल की। श्रुति के निजी सहायक ने कई बार फोन उठाया, लेकिन डीएम बात करने को तैयार नहीं हुईं। शिवपाल के एक करीबी ने बताया- नेताजी ने उनके पर्सनल नंबर पर भी कॉल की, लेकिन मैडम ने कॉल नहीं उठाया। इतना ही नहीं, बुलंदशहर सपा जिलाध्यक्ष मतलूब अली भी डीएम के पास शिवपाल यादव का संदेश लेकर पहुंचे, लेकिन,उन्हें भी टाल कर रवाना कर दिया। डीएम के रवैये से नाराज शिवपाल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पहले फोन पर जानकारी दी। इसके बाद शिवपाल ने महाना को लिखित शिकायत भेजते हुए मामले को विशेषाधिकार हनन समिति में रखने का आग्रह किया। महाना ने शिवपाल की सीनियॉरिटी और उनके राजनीतिक कद को ध्यान में रखते हुए तत्काल डीएम को नोटिस जारी कर दिया।




## रेहड़ा सवार महिलाओं से लूटपाट, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की शुरू

**चरथावल, 19 सितम्बर (बु.)।** देर रात्रि ग्राम सैदपुरा के निकट बाइक सवार तीन बदमाशो ने सामान गिरने का कहकर रेहड़ा सवारों को रोक लिया और हथियारों से आतंकित करते हुए महिलाओं से कुंडल व अन्य जेवरात लूट लिये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सीओ सदर डॉ. रवि शंकर द्वारा मौके पर पहुंचकर पीड़ितों से घटना की जानकारी ली गयी तथा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गयी। मुजफ्फरनगर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ी निवासी मुन्तजिर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह पत्नी आसमा व भाभी गुल्फसा को लेकर रिश्तेदारी में जनपद सहारनपुर थाना देवबंद के गांव अम्बेहटा गया हुआ था। गुरुवार को करीब सवा आठ बजे को वह बाइक रेहड़े से पत्नी व भाभी के साथ लौट रहा था, जब वह ग्राम सैदपुरा के निकट पहुंचा, तभी पीछे से आये बाइक सवार तीन बदमाशों ने सामान गिरने का कहकर उन्हें रोक लिया और हथियारों से आतंकित करते हुए महिलाओं से कुंडल व अन्य जेवरात लूट लिये। विरोध करने पर सभी के साथ मारपीट की। लूट की घटना को अंजाम देकर बदमाश रोहाना की ओर ही फरार हो गये थे। लूट की सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने पीड़ितों से घटना की जानकारी ली। सीओ सदर डॉ. रवि शंकर ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है और घटना के सफल अनावरण के लिए टीम गठित करके सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## रूस में फिर हिली कामचटका की धरती, 7.8 दर्ज हुई तीव्रता

**मास्को, 19 सितंबर (एजेंसी)।** रूस में भूकंप से एक बार फिर दहशत फैली है। इस बार फिर कामचटका प्रायद्वीप ही धरती भूकंप से हिली है। देर रात भारतीय समयानुसार 12 बजकर 28 मिनट पर और 12 बजकर 38 मिनट पर कामचटका में 2 बार भयंकर भूकंप आया। पहले आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.8 रहीं, वहीं दूसरी बार आए भूकंप की तीव्रता 6 मापी आई। भूकंप आने के बाद समुद्र में ऊंची लहरें उठीं और सुनामी आने का अलर्ट जारी हुआ। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र कामचटका प्रायद्वीप के पूर्वी तट के पास धरती के नीचे 85 किलोमीटर की गहराई में मिला। वहीं दूसरी बार आए भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 30 किलोमीटर की गहराई में मिला। रूस की स्टेट जियोफिजिकल सर्विस के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 7.5 रही और उसके बाद करीब 5 आफ्टरशॉक लगे। हवाई स्थित अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने प्रशांत महासागर में सुनामी का अलर्ट दिया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप की दृष्टि से कामचटका सबसे संवेदनशील इलाका है, जहां अक्सर विनाशकारी भूकंप आते रहे हैं, लेकिन जुलाई से सितंबर महीने के बीच आ चुके भूकंप सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक हैं। भूकंप वैज्ञानिक और पुलिस-प्रशासन अधिकारी भूकम्प संबंधी हालातें पर कड़ी नजर रख रहे हैं और लोगों से आग्रह किया गया है कि वे भूकंप को लेकर सतर्क रहें, जरूरत पड़ने पर निकासी के निर्देशों का पालन करें। रूस के कामचटका में 29 जुलाई 2025 को रिक्टर स्केल पर 8 से ज्यादा की तीव्रता वाला भूकंप आया था, जिसके चलते प्रशांत महासागर में विनाशकारी सुनामी आई थी। रूस और जापान समेत करीब 10 देशों में सुनामी, भारी बारिश और तूफानी हवाओं ने तबाही मचाई थी। इसके बाद 13 सितंबर 2025 को कामचटका में ही 7.4 की तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके चलते समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठी थीं, साथ ही सुनामी की चेतावनी जारी हुई थी।




## दिल्ली दंगों की साजिश मामले में उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर फिर टली सुनवाई

**नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगों की व्यापक साजिश मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम, मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा और शिफा उर रहमान द्वारा जमानत की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार (21 सितंबर) तक के लिए स्थगित कर दी। ये याचिकाएं जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस मनमोहन की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध हैं। यह मामला 12 सितंबर को जस्टिस कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध था। हालांकि, अदालत द्वारा इन मामलों पर सुनवाई में कठिनाई व्यक्त करने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। अदालत ने कहा कि पूरक सूची की फाइलें रात 2.30 बजे ही प्राप्त हुईं। बता दें, ये याचिकाएं दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा 2 सितंबर को दिए गए उस फैसले के खिलाफ दायर की गईं, जिसमें उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की खंडपीठ ने दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज एफआईआर नंबर 59/2020 में यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता 2019-2020 में नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध प्रदर्शनों के आयोजन में अग्रणी स्टूडेंट एक्टिविस्ट थे। फरवरी 2020 के अंतिम सप्ताह में राष्ट्रीय राजधानी में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे कथित रूप से "बड़ी साजिश" रचने के लिए गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत आरोपों का सामना कर रहे हैं। इस मामले में आरोपी ताहिर हुसैन, उमर खालिद, खालिद सैफी, इशरत जहां, मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा, शिफा-उर-रहमान, आसिफ इकबाल तन्हा (जिन्हें 2021 में जमानत मिली), शादाब अहमद, तसलीम अहमद, सलीम मलिक, मोहम्मद सलीम खान, अतहर खान, सफूरा जरगर (गिरफ्तार होने पर वह गर्भवती थी, इसलिए मानवीय आधार पर जमानत दी गई), शरजील इमाम, फैजान खान, देवांगना कलिता (जमानत दी गई) और नताशा नरवाल (जमानत दी गई) हैं।

